तापमान

अधिकतम 31.1 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



महाराणा प्रताप चौक पर आटो चालकों का कब्जा।

खबर संक्षेप

समान नागरिक संहिता पर परामर्श बैठक आज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और इसका प्रारूप तैयार करने के संबंध में 28 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे से देवकी नंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में संभाग स्तरीय समूह चर्चा एवं परामर्श बैठक होगी। राज्य शासन द्वारा गठित समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में विभिन्न संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों से विचार एवं सुझाव लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन ने 25 जून 2026 की अधिसूचना द्वारा सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी शत्रुघ्न सिंह एवं एमके राउत, अधिवक्ता मोहन पवार तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्योति रानी सिंह सदस्य हैं।

विद्युत कर्मचारी शिष्ट व साख सहकारी संस्था की सभा आज

बिलासपुर। विद्युत कर्मचारी शिष्ट एवं साख सहकारी संस्था मर्यादित का वार्षिक साधारण सभा 28 अक्टूबर कल्याण भवन तिफरा में आयोजित किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष नरेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह सभा दोपहर 1.30 बजे से से शुरू होगी। उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

एसकेडीवी मिशन परिवार की बैठक आज

बिलासपुर। एसकेडीवी मिशन परिवार की बैठक 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे भक्त माता कर्मा भवन अशोक नगर सरकंडा में होगी। सेवक साहेब ने बताया कि इस बैठक में समस्त जिला प्रतिनिधि, तहसील प्रतिनिधि एवं ग्रामीण प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में मिशन के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बिलासपुर संभाग के अंतर्गत बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के समस्त जिला, तहसील एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों को इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

युवा रत्न सम्मान के लिए जमा होंगे आवेदन 30 तक

बिलासपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं और स्वैच्छिक संगठनों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "युवा रत्न सम्मान" वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। सम्मान के लिए 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को शामिल किया गया है। आवेदन जमा करने की तिथि 30 अक्टूबर है। आवेदन सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण, स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई, जिला-बिलासपुर के कार्यालय में जमा किए जा सकेंगे।

निगम कर्मचारी संघ ने मांगी अग्रिम राशि

बिलासपुर। नगर निगम समस्त कर्मचारी संघ ने नगर निगम महापौर और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर दीपावली पूर्व 5 हजार-5 हजार रुपए की अग्रम राशि की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में राजदेव पाल व गोविंद महरोलिया ने बताया कि 8 नवंबर को दीपावली पर्व मनाया जा रहा है। हर साल की भांति नगर निगम द्वारा कर्मचारियों को 5000-5000 रुपए की अग्रिम राशि दी जाती है। संघ की मांग के अनुसार अग्रिम स्थाई एवं अस्थाई दैनिक वेतन भोगी टास्क में कर्मचारियों को अग्रिम प्रदान करने की मांग की गई है।

28-29 को तेज हवा चलने की संभावना, चौबीसों घंटे सक्रिय रहेंगे कंट्रोल रूम

तूफान की आशंका पर प्रशासन अलर्ट, कलेक्टर ने कहा-हर परिस्थिति से निपटने की तैयारी रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आगामी 28 एवं 29 अक्टूबर को संभावित तूफान के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में मौसम पूर्वानुमान की जानकारी देते हुए सभी विभागों को राहत एवं बचाव के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संभावित प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सके। बैठक में 70 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना को देखते हुए विभागीय तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिला एवं तहसील स्तर के कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रत्येक सूचना को पंजी में दर्ज कर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाए। सभी नगरीय निकाय जेसीबी और आवश्यक संसाधन तैयार रखें। जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जाए। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित ठहराने के लिए आश्रय स्थलों का चिन्हांकन आज ही कर वहां साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। झुकी हुई पेड़ की डालियों की छंटाई कराने और शहरों में कमजोर आधार वाले होर्डिंग हटाने के निर्देश दिए। कमजोर बिजली खंभों एवं संवेदनशील लाइनों पर नजर रखने को कहा गया। अस्पतालों और पेयजल आपूर्ति से जुड़ी विद्युत व्यवस्था की जांच कर आपूर्ति सुचारु बनाए रखने की तैयारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने होमगार्ड एवं आपदा मोचन दल को राहत-बचाव के लिए तैयार रहने को कहा। रस्सा पार्टी, बोट, इमरजेंसी लाइट सहित सभी बचाव उपकरणों की जांच कर उन्हें कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए। गर्भवती महिलाओं की प्रसव की संभावित तिथि 28 एवं 29 अक्टूबर है, उन्हें एक दिन पहले ही अस्पताल में भर्ती कराने की व्यवस्था की जाए।

नगर निगम में अवकाश निरस्त

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने मंगलवार को दृष्टि सभाकक्ष में नगर निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक में आगामी 28-29 अक्टूबर को संभावित चक्रवात के मद्देनजर आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने शहरी क्षेत्र के डूबान वाले क्षेत्रों, जलभराव की आशंका वाले स्थानों और अन्य संवेदनशील इलाकों में मुनादी कराने तथा विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभावित चक्रवात को देखते हुए संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

संवेदनशील क्षेत्रों में मुनादी व सतत निगरानी के निर्देश

खराब मौसम को लेकर रोजगार मेला स्थगित

खराब मौसम एवं रेड अलर्ट जारी होने के कारण 29 अक्टूबर को होने वाला रोजगार मेला आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोनी, में यह मेला सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होना था। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशों के परिपालन में रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित था। मौसम की स्थिति एवं जारी रेड अलर्ट को देखते हुए इसे स्थगित किया गया है। रोजगार मेले की नई तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

जोनल व डिवर पर होंगे वॉर रूम

यात्रियों की सुरक्षा होगी सुनिश्चित



28 अक्टूबर को संभावित रूप से टकराने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात अर्नब के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अलावा दक्षिण तटीय रेलवे और पूर्वी तटीय रेलवे में सुरक्षा प्रोटोकॉल व त्वरित बहाली की व्यवस्था लागू कर दी गई है, जहां संवेदनशील इलाकों में करीब 600 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की कड़ी निगरानी की जा रही है।

जोन अफसरों के अनुसार जोनल डिवीजनल और रेलवे बोर्ड स्तर पर वॉर रूम सक्रिय हैं, जहां चौबीस घंटे स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ रेल अफसरी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं। किसी भी तरह की रूकावट आने पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए आपातकालीन संसाधन तैयार रखे गए हैं। आपातकालीन बहाली कार्यों की मदद के लिए मरम्मत सामग्री से लदे वैगन तैनात किए गए हैं। प्रमुख जंक्शन प डीजल लोकोमोटिव, पावर यूनिट और एंबुलेंस को स्टैंडबाय पर रखा गया है। अर्थमूवर मिट्टी हटाने वाली मशीनें, पेड़ काटने वाली मशीनें और मरम्मत के उपकरण भी जगह जगह रखे गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत काम शुरु किया जा सके। बदलती परिस्थितियों पर नजर रखने और रेलवे बुनियादी ढ़ांचे के लिए संभावित खतरों की पहचान करने के लिए हर घंटे हवा की गति और जल स्तर की जांच की जा रही है। तैयारियों की देखरेख करने और जमीनी स्तर पर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए रेल अधिकारी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं। वहीं आपातकालीन स्थिति में बेहतर तालमेल के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है।

भारी वर्षा की संभावना

अरपा तटों से दूर रहने की अपील

आगामी 28 एवं 29 अक्टूबर को संभावित भारी वर्षा के मद्देनजर जल संसाधन संभाग कोटा ने अरपा नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। बैराज के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर अरपा-भैंसाझार बैराज के गेट खोले जा सकते हैं। इससे अरपा नदी के जलस्तर एवं बहाव में वृद्धि होने की संभावना है।

जल संसाधन संभाग कोटा के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 28 एवं 29 अक्टूबर को क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना है। इसे देखते हुए नागरिक नदी के तटों एवं जल प्रवाह वाले क्षेत्रों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। नदी में उतरने, नहाने, मछली पकड़ने तथा अन्य जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचें। विशेष रूप से नदी के आसपास रहने वाले ग्रामीणों, पशुपालकों एवं मछुआरों से सतर्क रहने तथा अपने परिवार के सदस्यों और पशुओं को नदी किनारे जाने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

त्योहारों के चलते सफाई, जलापूर्ति पर ध्यान

आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश देते हुए निगम कमिश्नर ने नियमित कचरा संग्रहण, साफ-सफाई तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में शहर की जलापूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की गई और नागरिकों को नियमित एवं सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नगर निगम में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

रेलवे ट्रैक से दूर रहें और मोबाइल फुल चार्ज रखें यात्री

चक्रवात अर्नब के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में भारी बारिश और तेज हवाओं की संभावना के साथ ही रेल प्रशासन ने यात्रियों के लिए सुझाव जारी किया है। यात्रियों को अपना सफर शुरु करने से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने और सतर्कता बरतने की अपील भी रेल प्रशासन की ओर से की जा रही है। रेलवे की ओर से यात्रियों तक आवश्यक सावधानियों की जानकारी व्यापक रूप से पहुंचाई जा रही है। स्टेशन पर उद्घोषणा प्रणाली, सूचना एवं डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल स्क्रीन, आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं अन्य संचार माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। संबंधित ट्रेन के परिचालन की नवीनजम स्थिति की जानकारी प्राप्त करने, संभावित मौसम संबंधी व्यवधान एव सड़क यातायात में देरी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त समय पहले स्टेशन पहुंचने, स्टेशन पर की जाने वाली उद्घोषणाओं तथा रेल अफसर व कर्मचारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने कहा है।

दीपावली पर खाद्य विभाग ने मिठाई दुकान पर की छापामार कार्रवाई



बिलासपुर। दीपावली त्यौहार नजदीक आने के साथ ही खाद्य विभाग की टीम ने शहर के मिठाई दुकान में छपामार कार्रवाई करते हुए नमूने लिए हैं, जिसे जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

मंगलवार को विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाइयां एवं खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। यह जांच अभिहित अधिकारी आरआर देवांगन के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें बस स्टैंड स्थित सूर्या रॉयल स्वीट्स से खोवा मावा, जूना बिलासपुर में संचालित बजरंग प्रसाद भंडार से कुंदा एवं बेसन के लड्डू का नमूना, बजरंगबली स्वीट्स से काजू कतली का नमूना लिया गया। संकलित किए गए सभी नमूनो को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत विधिवत सील कर जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अधिनियम के नियम के अनुरूप आगामी वैधानिक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। निरीक्षण दल में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीरसागर पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतीक तिवारी उपस्थित थे।



चलती ई-बाइक में लगी आग कूदकर 3 लोगों ने बचाई जान

बिलासपुर। चलती ई बाइक में आग लगने से तीन युवकों ने कूदकर जान बचाई। पेट्रोलिंग पार्टी ने पानी रेत डालकर आग पर काबू पाया।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, 26 अक्टूबर की शाम 7 बजे ई बाइक से तीन युवक जा रहे थे। दयालबंद पुल के पास अचानक ई बाइक में आग लग गई। आग लगने से तीनों युवकों ने कूदकर जान बचाई और भाग गए। आसपास के लोगों ने कोतवाली पुलिस को आग लगने की सूचना दी। पेट्रोलिंग पार्टी ने मौके पर जाकर पानी व रेत डालकर आग पर काबू पाया। आग से ई बाइक पूरी तरह से जल गई है।

सड़क पर दौड़ रही 21 बसों पर चालानी कार्रवाई, बिना परमिट के मिली एक बस



बिलासपुर। बिना परमिट के शहर और ग्रामीण एरिया की सड़क पर दौड़ रहे बसों के खिलाफ आरटीओ ने जांच अभियान के तहत कार्रवाई करना शुरु कर दिया है। कुछ दिन पहले स्कूल के बच्चों से भरी बस की दुर्घटना के बाद सभी आरटीओ अधिकारियों को जांच का निर्देश जारी किया गया है। शासन से मिले निर्देश के बाद मंगलवार को बिलासपुर आरटीओ की उड़नदस्ता टीम ने संयुक्त रूप से आरटीओ बिलासपुर के असीम माथुर और मुंगेली के डीटीओ आनंद शर्मा के साथ मिलकर बिलासपुर, मुंगेली और बिलासपुर-लोरमी मार्ग पर संचालित होने वाले 36 बसों की जांच की। इस जांच में 20 बसों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 19 हजार रुपए शुल्क वसूल किया गया। वहीं बिना परमिट के चल रही एक बस के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई की गई।

यह कार्रवाई परिवहन आयुक्त एस प्रकाश, आईएएस और अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी रविशंकर, आईपीएस के निर्देश एवं मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी जिला परिवहन कार्यालयों में संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। इस दौरान सभी को वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ बसों का संचालन करने निर्देशित किया गया है।



खबर संक्षेप

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था की प्रांतीय प्रबंधकारिणी गठित



बिलासपुर। छग प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक आमसभा निर्वाचन अधिकारी सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी, अरुण दुबे की उपस्थित में हुई। सभा में विगत 2 वर्षो के गतिविधियो के साथ आडिट प्रतिवेदन सुनील कुमार बाजारी एवं शैलेन्द्र राठौर द्वारा प्रस्तुत किया। वार्षिक आमसभा में कोरम के साथ दो तिहाई से भी अधिक सदस्यों की उपस्थिति में प्रांतीय प्रबंधकारिणी का निर्वाचन एवं वार्षिक आमसभा में नवीन सृजन पदों के प्रस्ताव पर आमसभा की सर्वसम्मति से अनुमोदन पश्चात प्रांतीय प्रबंधकारिणी सर्वसम्मति से गठित की गई। संरक्षक सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी, अरुण दुबे, अनिल गुप्ता, मुरली मनोहर खण्डेलवाल , अध्यक्ष सुनील कुमार बाजारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश मिश्रा, डॉ.अशोक ताम्रकार, उपाध्यक्ष बबिता नत्थानी, महेश वर्मा, प्रभात केयूर, भूषण मिश्रा, पी संतोष नायडू, शरद अग्रवाल, डाक्टर दीपक शर्मा, सचिव महेश दुबे, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव प्रहलाद मिश्रा, सह सचिव अमरसिंह अजमानी, मुकेश चोपडा, धर्मेन्द्र पंड्या, डा. शिरीष शर्मा, विधिक सलाहकार सुधा कसार, प्रवक्ता मीडिया प्रभारी अनिरुद्ध दुबे। कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम दास जोशी, बसंत कश्यप, अभिषेक जैन,अजय सोनी,पंकज अग्रवाल, डा. अखिलेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र राठौर, राजेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्रकांत पांडे, राजेन्द्र जंघेल, शशि पांडे, सुश्री नेहा तिवारी, ऋखीदास वैष्णव शामिल है। यह जानकारी अरूण दुबे ने दी।

आदिवासी प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से संवैधानिक अधिकारों को लेकर की भेंट



बिलासपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अरविंद नेताम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ एवं देश के आदिवासी प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति से मिलकर प्रदेश में आदिवासियों के संवैधानिक मुद्दों को लेकर आगामी जनगणना में अलग आदिवासी धर्म कोड, यूसीसी से आदिवासी समाज को पृथक रखने का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा ग्राम सभा को पूरा अधिकार दे, खनन और उद्योग के लिए जमीन अधिग्रण कर आदिवासियों को जमीन से बेदखल/ विस्थापन करने, बस्तर में जमीन का बंदोबस्ती नहीं होने से आदिवासियों को रेवन्यू विभाग से परेशानी होती है। नक्सल समस्या अब खत्म हो गया तो सलवा जुडूम और नक्सल के चलते बस्तर के विस्थापित आदिवासी को वापस बसाया जाए। नक्सल समस्या में बेगुनाह आदिवासी जो वर्षों से जेल में बंद है उनकी जांच कराकर यथाशीघ्र रिहाई करने।आरक्षण, पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग भर्ती ,स्थानीय भर्ती एवं आय सीमा 2.50 लाख को लेकर निवेदन किए एवं सभी विषयों पर अलग से पत्र सौंपा गया। प्रांतीय अध्यक्ष युवा सुभाष परते ने प्रदेश में मूलनिवासियों के संवैधानिक हकों की अनदेखी पर ध्यान आकर्षित कराया। इस अवसर पर अकबर राम कोर्राम, बी एस रावटे, विनोद नागवंशी, देवकुमार धान,भुवन कोर्राम, विश्वनाथ ताना जी वाकड़े, निपोन सुटिया, मोहनलाल कोमारे, जीवरखान मराई ,सविता साय, सुमेर सिंग नाग, महेश रावटे ने राज भवन रायपुर में राष्ट्रपति से भेंट किए।

जोन का इंजन नंबर 37704 डब्लूएपी 7 कवच प्रणाली से लैस

बिलासपुर। दूसरे जोन के साथ अब दपूमरे बिलासपुर जोन में भी कवच यानि स्वदेशी आटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसके तहत रेल प्रशासन ने प्रणाली को जोन के पहले इंजन नम्बर 37704 डब्लूएपी-7 में सफलतापूर्वक लैस किया है। एक लाइन पर चलने वाली ट्रेनों के आपसी दुर्घटना को रोकने के लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों के इंजन में कवच का कार्य करने निर्देशित किया था। करीब चार साल पहले कवच का आदेश देने के बाद रेलवे में इसका कार्य धीरे-धीरे चलने लगा। रेलवे विभाग ने इलेक्ट्रिक लोको शेड में लोको नम्बर 37704 डब्लूएपी-7 में स्वदेशी आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच से लैस कर दिया है। इस प्रणाली का उद्देश्य ट्रेनों के बीच टक्कर को रोकना एवं लोको पायलट को केबिन में ही वास्तविक समय रियल टाइम सिग्नल संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है। यह प्रणाली स्टेशन इंटरलाकिंग और लोकोमोटिव के बीच संचार नेटवर्क के माध्यम से सिग्नल डेटा का अदान प्रदान करने के साथ ही पटरियों पर लगाए गए आरएफआईडी टैग लोकोमोटिक की सटीक स्थिति निर्धारित करने में सहायक होती है। एसईसीआर को यह कार्य करीब 551 इंजन में करना है। इसके अंतर्गत नागपुर से झारसुगुड़ा रेल खंड में कवच प्रणाली स्थापित करने का कार्य शुरु किया गया है। रेलवे के अनुसार यह उन्नत स्वदेशी संरक्षा तकनीक है, जो ट्रेन संचालन को संरक्षित और कुशल बनाने के लिए डिजाइन की गई है। यह प्रणाली सिग्नल एवं स्पीड से संबंधित दुर्घटनाओं को रोकने में पूर्णतः सक्षम है। पूरे सेक्शन में विश्वसनीय वायरलेस कम्युनिकेशन स्थापित किया जाता है।

व्यापारियों को रोड किनारे सामान नहीं रखने दी समझाइश



बिलासपुर। दीपावली त्यौहार के मद्देनजर व्यापारी संगठनों की बैठक ली गई। उन्हें रोड किनारे पीली पट्टी के बाहर टेंट एवं अन्य सामान रोड पर नहीं लगाने की समझाईश दी गई। 26 अक्टूबर को एससएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर थाना सिटी कोतवाली प्रभारी द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, बाजारों में भीड नियंत्रण एवं नागरिगों की सुविधा के लिए व्यापारी के संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में दीपावली के दौरान बाजारों में बढने वाली भीड़ को देखते हुए व्यापारियों को आवश्यक दिशा निर्देश एवं समझाइश दी गई कि वे अपनी दुकानों को पीली पट्टी के बाहर सड़क तक सामान न फलायें एवं सडक पर टेंट एवं अन्य कोई सामग्री नहीं रखने संगठनों से अपील की गई।

कुल 23 मशीनों में से 16 बंद पड़ी, घरों में मच्छरों ने जीना मुश्किल कर दिया

दो करोड़ का एंटी-लार्वा बजट कागज़ों में 70 वार्डों के लिए महज 9 फागिंग मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के अधिकारी अपने काम को कितनी शिद्दत से करते हैं, इसे मच्छरों से राहत देने वाली शाखा में पहुंचकर देखा जा सकता है। राज्य के दूसरे बड़े शहर के तौर पर पहचान बना चुके बिलासपुर में 70 वार्डों के लिए महज 9 फागिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से 8 वार्डों के लिए एक-एक तो एक बड़ी मशीन सड़कों पर फागिंग के लिए है। अब इस कारण घर और मोहल्लों में मच्छरों ने जीना मुश्किल कर दिया है।

दरअसल निगम के पास कुल 23 फागिंग मशीन है। इसमें से कुछ दिन पहले 15 मशीनें चल रहीं थीं। अब लेकिन पिछले 10 दिनों से 8 मशीनें चल रही हैं। अब हाल यह है कि हर 12 दिन बाद किसी वार्ड में फागिंग मशीनें पहुंच पाएंगी। इसके साथ ही पहले जो 15 लीटर पेट्रोल, डीजल मिलता था उसे भी 12 लीटर कर दिया गया है। इसी में 1100 निदान, सीएम हेल्प लाइन को भी कवर करना है। जाहिर है शहरवासियों को मच्छरों से मुक्ति के लिए खुद ही व्यवस्था करनी होगी। हाल यह है कि सालाना दो करोड़ का एंटी-लार्वा बजट सिर्फ कागजों पर चल रहा है, जबकि शहर में 329 मच्छर जनित बीमारियों के केस दर्ज हुए हैं। देखा जाए तो शहर की 70 वार्डों वाली न्यायधानी बिलासपुर में इन दिनों एक 'अदृश्य सरकार' चल रही है, नाम है मच्छरों की सरकार। घर, दफ्तर, अस्पताल और गली- हर जगह इनका कब्जा है। नगर निगम की मशीनें जंग खा रही हैं, लार्वा कंट्रोल महीनों से ठप है और जनता अपनी जेब से मच्छरों के खिलाफ जंग लड़ रही है। यह कहानी सिर्फ लापरवाही की नहीं, बल्कि प्रशासनिक सुस्ती और सिस्टम फेल्योर का सबूत है।



दवाएं बेअसर, इसलिए बढ़ रहे लार्वा और मच्छर

दवा छिड़काव कर मच्छरों से राहत देने के लिए किंगफोस, स्मोकर और थयान नामक दवाइयां भी मार्केट में मिलती हैं, जिसका इस्तेमाल नहीं किया जाता। एक्सपर्ट बताते हैं कि यह दूसरी दवाओं से कारगर साबित हो चुकी है। इसके बाद निगम के अधिकारी इसका उपयोग नहीं करते। उनके मुताबिक यह थोड़ी महंगी मिलती है। इसके चलते वे हाथ खींचते हैं। दूसरी ओर मौसमी बीमारियां और मच्छरों के कहर ने आम आदमी का जीवन प्रभावित कर रखा है। अस्पतालों में सबसे ज्यादा मरीज वायरल फीवर के आ रहे हैं। लोग रोजाना परेशान हैं, पर अधिकारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

पांच लाख से अधिक लोग खुद के भरोसे

नगर निगम की मच्छर कंट्रोल करने वाली शाखा का बुरा हाल है। वे निगम क्षेत्र के साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों को मच्छरों से निजात दिलाने और लार्वा कंट्रोल करने का झूठा दावा कर रहे हैं। गड्ढों और बजबजाती नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। शाम ढलते ही घरों में मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है। दर्जनों जतन करने के बाद भी लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। निगम के पंप हाउस पहुंचकर उस जगह का जायजा लिया गया, जहां फागिंग मशीनें रखी गई हैं। यहां काम करने वाले एक मैकेनिक ने बताया कि वे कई साल से यहां मशीनों को रिपेयर करने का काम कर रहे हैं। ज्यादातर मशीनें बिगड़ती रहती हैं वे इसे बनाकर दवा का छिड़काव करवा रहे हैं। हालांकि अचानत मशीनों की संख्या कम कर दी गई है। इससे हर वार्ड में पहुंचना मुश्किल हो रहा है। पार्षदों की लगातार शिकायत आती रहती है।

मच्छरों से निजात के लिए घरेलू उपाय

नीम में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। बहुत से शोध में यह बात सामने आई है कि नीम का तेल मच्छरों को भगाने में किसी भी केमिकल वाले स्प्रे और क्वाइल के इस्तेमाल से 10 गुणा ज्यादा असरदार है। यह सेहत पर किसी भी तरह से नुकसानदायक भी नहीं है। नीम और लैवेंडर का तेल दोनों बराबर-बराबर मात्रा में मिलाकर स्किन पर लगा लें। मच्छर आपके पास भी नहीं आएंगे। इसके साथ ही नींबू को बीच में से काटकर इसमें 5-6 लौंग लगा दें और घर के हर कोने में रख दें। इससे मच्छर घर से बाहर भाग जाएंगे।

मशीनों की संख्या कम की गई है

यह बात सामने आई थी कि डीजल पेट्रोल की अधिक खपत हो रही है इसलिए फागिंग मशीनों की संख्या में कमी की गई है। इसके बाद भी कोशिश है कि हर वार्ड में लार्वा छिड़काव समय पर हो सके।

- प्रवेश कश्यप
प्रभारी अधिकारी

युवक पर चाकू जान लेवा हमला दो भाई सहित 4 गिरफ्तार

बिलासपुर। बीती रात पुरानी रंजिश में एक युवक पर दो भाई सहित 4 लोगों ने मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा टीआई शशिकांत भारद्वाज ने बताया, डोंगरीपारा निवासी सूर्यप्रकाश साहू का मोहल्ले में रहने वाले कोमल साहू, नितेश साहू से पिछले एक साल से विवाद चल रहा है। आए दिन दोनों भाई उनके परिवार के लोगों से मारपीट करते आ रहे हैं। 26 अक्टूबर की शाम 7 बजे सूर्यप्रकाश साहू अपनी पिकअप को बनवाने के लिए स्टेट बैंक के पास शिवा वेल्डिंग की दुकान पर गए थे। इसी दौरान बुलेट में कोमल साहू उसका भाई नितेश साहू, गिरजाशंकर दुबे देवेन्द्र साहू और नितेश साहू ने उन्हें पकड़ लिया। कोमल साहू ने धमकी देते हुए हत्या करने की नीयत से चाकू से गले में 4 बार हमला किया। सूर्यप्रकाश हाथ से बीच बचाव कर बचाया। गिरजाशंकर दुबे ने डंडा से पीठ एवं भुजा को मारा। चाकू से हमला होने पर आसपास के लोग भागने लगे। पुलिस ने सूर्यप्रकाश साहू की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1, 3, 5, 61 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी कोल साहू पिता रविशंकर साहू, उसका भाई नितेश साहू, देवेन्द्र साहू पिता विजय साहू, गिरजा शंकर दुबे पिता रमाकांत दुबे को गिरफ्तार कर चाकू व लाठी जब्त कर लिया है।

कलेक्टर-एसएसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

बिलासपुर। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में लोगों ने निजी एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने भी लोगों की समस्याएं सुनीं। ग्राम पंचायत निरतू के सरपंच ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत निरतू एवं उसके आश्रित ग्राम अदराली में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकी से अब तक पेयजल वितरण शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू कराने की मांग की। साथ ही निरतू के खाल्हेपारा में स्थापित ट्रांसफार्मर बंद होने की समस्या से अवगत कराया। यहां लगभग 180 परिवार निवासरत हैं, जिन्हें पर्याप्त बिजली व्यवस्था नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम चनाडोंगरी निवासी भोला कैवर्त ने बताया कि उनकी माता के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था।

स्टेशन मास्टरों की भर्ती आवेदन 25 तक

बिलासपुर। रेलवे ने सेंट्रलाइज्ड एम्प्लॉयमेंट नोटिस के तहत स्टेशन मास्टर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु कर स्नातक उम्मीदवारों के लिए रोजगार का एक नया अवसर खोला है। भर्ती से जुड़े एक महत्वपूर्ण निर्णय में रेलवे बोर्ड ने तय किया है कि 2026 से स्टेशन मास्टर की भर्ती के लिए अलग से अधिसूचना नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। इस विशेष भर्ती प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारों को एक अलग अधिसूचना दी जाती है, जिसमें पात्रता की शर्तें, परीक्षा प्रक्रिया और पदों का विवरण शामिल है। विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्डों और जोन में करीब 1265 रिक्तियां हैं, जिसमें दपूमरे बिलासपुर जोन के साथ तीनो डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में आने वाले छोटे-बड़े स्टेशन भी शामिल हैं। यह अवसर कई रेलवे जोन में उपलब्ध है, जिससे योग्य स्नातक देश के विभिन्न हिस्सों में इन पदों के लिए आवेदन 25 नवंबर तक कर सकते हैं।

एआईसीसी पर्यवेक्षक ने ली कांग्रेस की बैठक

बिलासपुर। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर जिले से अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में एआईसीसी ऑब्जर्वर दिव्य ज्योति पटनायक, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी विजय जांगिड़ और जिला प्रभारी सीमा वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण कांग्रेस के अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल हों। इसके साथ ही पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने की बात कही गई।

सिम्स में गुणवत्ता का आंकलन करने पहुंची दिल्ली की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स बिलासपुर में एनएबीएच के 6 वें एडीशन के निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों की सुरक्षा का आंकलन करने के लिए केपीएमजी की बाहरी मूल्यांकन टीम ने अस्पताल का भ्रमण किया। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति की अध्यक्षता एवं निर्देशन में आयोजित किया गया।

बैठक में संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. मधुमिता जी. मूर्ति, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. अमित कुमार ठाकुर, डॉ. सुचिता सिंह, गरिमा पांडेय, सभी विभागाध्यक्ष , नर्सिंग अधीक्षक एवं नर्सिंग इंचार्ज उपस्थित रहे। केपीएमजी की ओर से निरीक्षण एवं मूल्यांकन के लिए आए प्रतिनिधियों में पारस साहनी, डॉ. दीपिका वर्मा, जयेश तावड़े, डॉ. संपदा साहू, शामिल रहे।



सिम्स का निरीक्षण करती दिल्ली की टीम।

बैठक के पश्चात मूल्यांकन दल ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं जायजा लिया। निरीक्षण के दौनान ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी, आईसीयू ऑपरेशन थिएटर , ब्लड बैंक, फार्मेसी, प्रयोगशाला एवं रेडियोलॉजी सहित प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभागों की कार्यप्रणाली, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, संक्रमण नियंत्रण, रोगी सुरक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

सैलानियों को मिलेगी सुविधा, 1 नवम्बर को होगा वर्चुअल उद्घाटन

शिवतराई की तरह एक गेट केंवची की ओर से ओपन किया जाएगा

बिलासपुर। अचानकमार टाइगर रिजर्व में अब सैलानी शिवतराई बैगा रिसार्ट की तरह केंवची की ओर से भी कोर जोन आकर भ्रमण कर सकेंगे, जिसके लिए एक नया गेट बनाने का काम पूरा हो गया है। सैलानियों को भ्रमण कराने और उन्हें वन्यप्राणियों व जंगल की जानकारी देने के लिए गाड़ियों के अलावा स्टाफ की भी संख्या बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है, जिसे 1 नवम्बर से एटीआर में शुरू कर दिया जाएगा।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में प्रवेश करने के लिए सैलानियों को पहले शिवतराई के बेरियर में रूकने के बाद अपनी गाड़ियों को छोड़कर जिप्सी में भ्रमण करने की अनुमति है, लेकिन लोरमी के रास्ते से जाकड़बांधा होते हुए कोर जोन के सुरही रेंज में प्रवेश के लिए बेरियर होने के बाद भी कुछ लोग बैरियर गार्ड की लापरवाही के कारण अंदर प्रवेश कर रहे थे। एटीआर प्रबंधन ने अब कड़ा नियम बना दिया है। इस नियम के तहत अब एटीआर के कोर और बफर जोन में लोग बिना अपनी जांच कराए अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। वहीं सभी बेरियरों पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं, जाकड़बांधा और सुरही रेंज में सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। वहीं शिवतराई की तरह एक गेट केंवची की ओर भी बना दिया गया है, जिसका वर्चुअल उद्घाटन वन मंत्री से कराने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में शिवतराई के बैगा रिसार्ट में सैलानियों को एटीआर के कोर जोन में भ्रमण कराने के लिए जिप्सी और अन्य गाड़ियों की सुविधाएं दी गई हैं, जिसका संचालन समिति की ओर से किया जाता है।

बैगा रिसार्ट की तरह केंवची में एक नया गेंट बनकर तैयार हो रहा है, जहां मध्यप्रदेश और अन्य स्थानों से आने वाले सैलानियों को सुविधा देने के लिए गाड़ियों के साथ स्टाफ की भी संख्या बढ़ाई जाएगी। शिवतराई और केंवची के अलावा एक बेरियर लोरमी की ओर से आने वाले जाकड़बांधा में बनाया जाएगा।

पर्यटन सर्किट विकसित करने परिकल्पना

केंवची गेट से सैलानियों के लिए सफारी का शुभारंभ किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य अचानकमार टाइगर रिजर्व की समृद्ध जैव विविधता, घने साल वनों, मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों एवं वन्यप्राणियों के अद्भुत संसार को सैलानियों कें और करीब लाना है। आरएमकेके रोड के माध्यम से अमरकंटक तक एक आकर्षक पर्यटन सर्किट विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इस पर्यटन सर्किट में एटीआर की प्राकृतिक सुंदरता एवं वन्यप्राणी संपदा के साथ मां नर्मदा के उद्भम स्थल अमरकंटक और मां महामाया की पावन नगरी रतनपुर को ध्यान में रखते हुए पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

बिजनेस प्लस

बीएनआई का 'नेक्स्ट लेवल 2.0 9 नेटवर्क टू नेगोशिएट' 31 को, आएंगे पाटनी

बिलासपुर। बीएनआई बिलासपुर साउथ एवं डीसीटी के संयुक्त तत्वावधान में 31 अक्टूबर को होटल चावला ग्रीन्स मोपका में 'नेक्स्ट लेवल 2.0 – नेटवर्क टू नेगोशिएट' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के प्रसिद्ध बिजनेस कोच, ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. उज्ज्वल पाटनी बिजनेस ग्रोथ, लीडरशिप, नेटवर्किंग एवं व्यावसायिक विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे।



बीएनआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. किरणपाल सिंह चावला ने बताया कि 'नेक्स्ट लेवल 2.0' का उद्देश्य व्यवसायियों एवं प्रोफेशनल्स को अपनी सोच का विस्तार करने, नए व्यावसायिक संबंध स्थापित करने और अपने व्यवसाय को अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरित करना है। प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. सचिन यादव ने बताया कि बिजनेस में सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सही रणनीति, बेहतर निर्णय क्षमता, प्रभावी नेटवर्किंग और नई संभावनाओं को पहचानने की क्षमता से मिलती है। डॉ. उज्ज्वल पाटनी जैसे अनुभवी बिजनेस कोच के मार्गदर्शन से प्रतिभागियों को अपनी सोच का विस्तार करने, व्यावसायिक चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने और अपने व्यवसाय को अगले स्तर तक ले जाने की प्रेरणा मिलेगी। यह ट्रेनिंग सत्र सभी सफल व्यवसायियों, स्टार्टअप संचालकों, महिला उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए उपयोगी होगा इससे नई चीजें सीखने को मिलेगी ।

कार्यक्रम के प्रायोजक डीसीटी रियल स्टेट एण्ड डेवलपर, पावर्ड बाय यूनिटी हास्पिटल, अरपा रिवर वैली स्कूल, प्रयास ग्रुप आफ इंस्टीटयूट, को. स्पांसर चौकसे ग्रुप और कालेज, गौरव हास्पिटल, धन लक्ष्मीएसीपी सपोर्ट बाय शंकर आहूजा मोबाइल, राजेन्द्र फ्लेक्श, शिवम एण्ड एजेंसी, कार रिलेशन आटो माल, ट्रेवल जोन, फुड गुरू शामिल हैं।

कंप्यूटर एंड कंप्यूटर्स में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं सीसीटीवी कैमरों की विस्तृत रेंज

बिलासपुर। शहर के टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित होटल मिडटाउन कॉम्प्लेक्स में संचालित कंप्यूटर एंड कंप्यूटर्स ग्राहकों को कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर एवं सीसीटीवी कैमरों की विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।



संचालक विजय सूद ने बताया कि ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न ब्रांड के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद उपलब्ध हैं। प्रतिष्ठान में डेल, एचपी, लेनोवो एवं आसुस जैसे ब्रांड के कंप्यूटर और लैपटॉप के साथ सभी प्रकार के प्रिंटर तथा सीसीटीवी कैमरे भी उपलब्ध हैं। विज्ञापन के अनुसार, डेस्कटॉप कंप्यूटर की शुरुआती कीमत 10 हजार रुपए और लैपटॉप की शुरुआती कीमत 15 हजार रुपए है। ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रतिष्ठान में एक्सचेंज की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही, प्रत्येक खरीदारी पर निश्चित उपहार देने की व्यवस्था का उल्लेख किया गया है। ऑनलाइन खरीदारी करने से पहले ग्राहक यहां संपर्क कर कीमतों एवं उत्पादों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सेंट जेवियर्स हाईस्कूल सरकंडा के विद्यार्थियों ने किया हाईकोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण



बिलासपुर। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल,सरकंडा के कक्षा 8वीं एवं 9वीं के छात्र-छात्राओं को हाईकोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को काउंसलिंग हॉल में ले जाया गया, जहां विनय तिवारी ने उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूर रहने तथा उसका सीमित और सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि निर्धारित आयु से कम उम्र में बाइक चलाना कानूनन प्रतिबंधित है। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को हाईकोर्ट की लाइब्रेरी, बुलंद दरवाजा तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा भी दिखाई गई। इस अवसर पर बच्चों को न्यायालय की कार्यप्रणाली, पुस्तकालय के महत्व तथा कानून और अनुशासन के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून, सड़क सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था।

एनएसयूआई में होल्ड की गई जिलाध्यक्षों की नियुक्ति से हटी रोक

बिलासपुर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छत्तीसगढ़ एनएसयूआई संगठन में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को करीब दो माह पहले होल्ड कर दिया गया था, उसे एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ की अनुशंसा एवं प्रदेश संगठन के हित संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को दृष्टिगत रखते हुए रोक हटाते हुए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को बहाल कर दिया गया है।



■ रंजेश सिंह बने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ग्रामीण

इस तरह से रंजीत सिंह की जगह पर अब रंजेश सिंह क्षत्री बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति अगस्त माह में की गई थी, जिसे युवा कांग्रेस के चुनाव के चलते होल्ड कर दिया गया था। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष ने 20 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ की अनुशंसा पर संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को दृष्टिगत रखते हुए कुछ जिलों के पुराने जिलाध्यक्षों को पद से हटाकर उनकी जगह नए जिलाध्यक्षों का नियुक्ति आदेश जारी किया था। इसमें बिलासपुर जिले में जिलाध्यक्ष ग्रामीण रंजीत सिंह की जगह पर रंजेश सिंह क्षत्री को बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इसी तरह बिलासपुर जिला शहर अध्यक्ष के पद पर समर्थ मिरानी की नियुक्ति की गई थी। इसके अलावा कुछ और जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी और अचानक नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के नियुक्ति के तीसरे दिन नाटकीय घटनाक्रम के तहत संगठन ने उनकी जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति को होल्ड कर दिया था, लेकिन संगठन ने होल्ड रोक को हटाते हुए एनएसयूआई में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को बहाल कर दिया है। नवनियुक्ति एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ग्रामीण रंजेश सिंह ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की बात कही है।

हरिभूमि

बिलासपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



उपलब्धि

टोस्टी को संगीत में मिला इंटरनेशनल अवॉर्ड



बिलासपुर। नृत्य धाम कला समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम 'देश राग ' में की प्रतिभाशाली गायिका टोस्टी पांडे ने सेमी-क्लासिकल संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर इंटरनेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया। कक्षा दसवीं की छात्रा टोस्टी पांडे मंगला की निवासी हैं। टोस्टी पांडे, विवेक पांडे एवं नेहा पांडे की सुपुत्री हैं।उन्होंने अपनी शानदार गायन प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से बिलासपुर जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है।

आयोजन

कवियों ने पढ़ी अपनी रचनाएं ज्येष्ठ नागरिक संघ का सम्मेलन



बिलासपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर ज्येष्ठ नागरिक संघ ने मासिक बैठक के साथ कवि सम्मेलन आयोजित किया। इसमें अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने स्वागत उद्बोधन के साथ आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं सचिव बालगोविन्द अग्रवाल ने विगत कार्यकारिणी बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में नवप्रवेशी सदस्यों तथा जन्म दिन वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। इसमें प्रमुख रूप से बंशी लाल गौरहा, राम नारायण राव, राकेश पाण्डेय, प्रवेश पुरी, संजीव सक्सेना, अनूप पाण्डेय, कमला पंसारी, विजय तिवारी, अनिल साहू, सुरेश सराफ व राम अवतार सूर्यवंशी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द दिवाकीर्ति व बाल गोविन्द अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन सुरेश शर्मा ने किया। वहीं इस दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में डा सुधाकर बीबे ने अपनी रचना-तारों ल गाए कूंची ले गए.., राजेश दुबे ने आजकल की न्याय व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए अपनी रचना पढ़ी। इंजी. गजानन, कवि अशोक शर्मा, कवि शैलेन्द्र गुप्ता, बाल मुकुन्द श्रीवास व दीपक दुबे ने भी अपनी रचनाएं सुनाई।

कार्यक्रम

माहेश्वरी सखियों ने मनोरंजक गेम खेल कर किया इंजाय



बिलासपुर। माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने शरदोत्सव बड़े उल्लास से मनाया। सबसे पहले भगवान महेश का पूजन कर महेश वंदना की। मनोरंजक गेम में सभी सखियों ने हिस्सा लेकर इनाम जीते। सुधा मारदा ने माईक का उपयोग करने उपयुक्त जानकारी देकर समझाया। सभी गोपियां बनकर महारास में मधुबन वृंदावन की तर्ज पर डांडिया, गरबा का आनंद उठाया। इस मौके पर विनीता, किरण, सुधा, सरोज, संगीता, कुसुम, शीला, नीलम नीता, सरिता, ममता, रिमझिम, मंजू, पूजा, मेघा, पूनम, नमिता, चारु, विधी, रेणु, अंजना, सोनाली, हेमलता, दृष्टि, सुजिता, मीना, सीमा, शिवांगी आदि सखियां उपस्थित थीं।

श्री गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर कीर्तन दरबार, सजा दीवान

श्री गुरु रामदास का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सुखमनी साहिब सर्कल के सहयोग से मनाया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, सिख धर्म के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया।

बिलासपुर। जिसमें प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए मंगलवार को शाम को तीन दिवसीय कीर्तन दरबार का विशेष दीवान सजा कर किया गया, जिसमें पानीपत से आये भाई हरकीरत सिंह का जत्था द्वारा गुरु जस गायन किया गया, गुरपुरब की इस कड़ी में गुरु रामदास के प्रकाश पर्व की खुशी में 51 सहज पाठ की संगति रूप में समापन किया गया एवं आगे आने वाले गुरु नानक जयंती के लिए भी सहज पाठ साहिब की आरम्भता भी की गई है। इसमें 100 से अधिक संगतो ने हिस्सा लिया और हर दीवान उपरांत लंगर प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा साहेब में दीपमाला एवं रंगोली डालकर सजावट की गई एवं साधसंगत ने खुशियां मनाई,इस कार्यक्रम को सफल बनाने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य एवं सुखमनी साहिब सर्किल के सभी सदस्यों का योगदान है।



51 सहज पाठ की संगति रूप में समापन किया



शबरी हाट मेले में छात्राओं ने लगाए हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को प्रोत्साहित करने एवं उनकी प्रतिभा व रचनात्मकता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 'शबरी हाट' मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपने हुनर व स्वनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित तथा विक्रय करने के लिए एक उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना था।

मेले में छात्राओं ने विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुओं, सजावटी सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुओं, स्वादिष्ट खाद्य एवं पेय पदार्थों के स्टॉल लगाए। छात्राओं ने अपने उत्पादों का स्वयं प्रचार-प्रसार किया तथा उनका विक्रय कर व्यवसायिक कौशल, आत्मनिर्भरता व उद्यमिता का अनुभव प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने कहा कि छात्राओं में प्रतिभा और हुनर की कोई कमी नहीं है। उन्हें केवल उचित मंच और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन छात्राओं को अपने हुनर को पहचानने, उसे निखारने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं स्वरोजगारपरक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटी-सी पहल भविष्य में एक बड़े व्यवसाय और आत्मनिर्भरता का आधार बन सकती है।


मार्गदर्शन डॉ शोभा महिश्वर, डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ वंदना राठौर एवं डॉ दीपिका महोबिया का रहा। महाविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं आगंतुकों ने छात्राओं द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा उनके उत्पादों की सराहना करते हुए खरीदारी कर उनका उत्साह बढ़ाया।

रचनात्मकता को मंच प्रदान करने आयोजन





रोजगारोन्मुखी पांच नए पाठ्यक्रम शुरू करेगा मुक्त विश्वविद्यालय



बिलासपुर। पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ में रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों की रोजगार योग्यता विकसित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग के अंतर्गत कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया और पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में परिणाम आधारित प्रबंधन और स्नातक रोजगार योग्यता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जा रही है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने, युवाओं को नए कौशल से जोड़ने तथा स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन प्रातः 10 बजे उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीरेंद्र कुमार सारस्वत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सोमी अग्रवाल तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव चंद्रभूषण मिश्र उपस्थित रहे। वहीं, सीओएल-सीईएमसीए, नई दिल्ली के निदेशक डॉ बी शेड्रेक ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

एआई की चुनौती से निपटने में रोजगारोन्मुखी शिक्षा होगी मददगार

विशिष्ट अतिथि डॉ. सोमी अग्रवाल ने परिणाम आधारित प्रबंधन ढांचे की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव के कारण युवाओं के सामने रोजगार से जुड़ी नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में मुक्त विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को बदलते समय की मांग के अनुरूप तैयार करें। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय अपने मौजूदा पाठ्यक्रमों के साथ पांच नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में काम करेगा। इससे युवाओं को विविध क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे और उनके लिए बेहतर सहयोग तंत्र विकसित किया जा सकेगा।

73 वर्षों की गुरु-परंपरा का दिव्य उत्सव, सिद्धबाबा धाम पहुंचे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मैकल-विंध्य की सुरम्य पहाड़ियों के बीच स्थित श्री सिद्धबाबा अद्वैत परमहंस आश्रम, में 73 वर्षों से चली आ रही शरद पूर्णिमा महोत्सव की परंपरा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। परम श्रद्धेय श्री श्री 108 श्री स्वामी शिवानंद महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित महोत्सव में लगभग 60 से 70 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री सिद्धबाबा जी महाराज के दर्शन किए। जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। शरद पूर्णिमा की चांदनी और पहाड़ियों की प्राकृतिक छटा के बीच पूरा आश्रम परिसर गुरु-भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। यह परंपरा भगवान सद्गुरुदेव श्री श्री 1008 श्री स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा स्थापित की गई थी। इस अवसर पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, समाजसेवी प्रवीण झा तथा विजय केसरवानी ने भी आश्रम पहुंचकर दर्शन किए।

महोत्सव में रात्रि 7 बजे शास्त्रीय संगीत का आयोजन हुआ, जबकि मध्यरात्रि 12 बजे श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरित किया गया। प्रथम हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।



स्पोर्ट्स न्यूज

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बिलासपुर का दूसरा स्थान

बिलासपुर। खेलो ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन ने 12वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का दो दिवसीय भव्य आयोजन अभिलाषा परिसर तिफरा में किया। इसमें छत्तीसगढ़ के 11 जिलों से लगभग 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के एसपी परमेश्वर तिलकवार अधिवक्ता हाईकोर्ट संजीव साहू एवं मनोज जायसवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ विभिन्न मुकाबलों में भाग लिया। प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बिलासपुर जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सरगुजा तीसरे, बालोद चौथे, दुर्ग पांचवें, मुंगेली छठवें, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही सातवें और कबीरधाम जिले ने आठवां स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी चयनित खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। इससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। आगामी 29, 30 और 31 दिसंबर को बिलासपुर में चौथी बार राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजक इंटरनेशनल मास्टर गणेश सागर होंगे।



रायगढ़ बना ओवरऑल चैम्पियन

सीएमडी में अंतर महाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

शासन के निर्देशानुसार सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालयमें मंगलवार, को सत्र 2026-27 की सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग का शुभारंभ उत्साहपूर्ण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अटल श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, डॉ बसंत अंचल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय का बैडमिंटन का छात्र रहा हूं और अपनी पढ़ाई भी यही से किया हूं विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ संजय दुबे ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित करने तथा भविष्य में उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया।



खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम

चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की मेजबानी में बॉक्सिंग स्पर्धा

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के खेल विभाग द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के अंतर्गत चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज की मेजबानी में एकीकृत राज्यस्तरीय अंतर महाविद्यालयीन बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न तकनीकी, फार्मेसी, पॉलिटेक्निक एवं प्रबंधन महाविद्यालयों के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा, तकनीकी दक्षता और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 16 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुरूप तैयार बॉक्सिंग रिंग में विभिन्न भार वर्गों के मुकाबले आयोजित किए गए। खिलाड़ियों का आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं भार मापन करने के उपरांत नियमानुसार मुकाबले कराए गए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने आक्रमण, बचाव, फुटवर्क, पंचिंग तकनीक, रिंग मूवमेंट, शारीरिक संतुलन एवं त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर स्वर्ण एवं रजत पदकों से सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आशीष जायसवाल ने खिलाड़ियों को बॉक्सिंग खेल की तकनीक, अनुशासन, फिटनेस, सुरक्षा तथा प्रतियोगितात्मक तैयारी के महत्व से अवगत कराया। चयनित खिलाड़ियों को आगामी जोन इंटर-यूनिवर्सिटी एवं ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं के लिए चयनित किया गया।



मुक्केबाजों ने दिखाया दमखम

इंटर डिस्ट्रिक्ट वन डे में कवर्धा और नारायणपुर ने मैच जीते


अंडर 14 प्लेट ग्रुप वन डे इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता प्रारंभिक मैच रघुराज स्टेडियम में जसपुर बनाम नारायणपुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें आज टॉस के दौरान क्रिकेट संघ बिलासपुर के कोषाध्यक्ष गुरुदीप सिंह टुटेजा और सहसचिव शरद मुरारका और सीनियर खिलाड़ी गुरुचरण सिंह जी द्वारा टॉस की प्रक्रिया पूर्ण कराया गया। और प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और दोनों ने ही अपने संबोधन में बच्चों से पहले हाथ मिलाए और संबोधन में प्रोत्साहित करने वाले वाक्य प्रस्तुत किए। टॉस के दौरान नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.4 ओवर में 67 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें नमन मंडल ने सबसे ज्यादा 15 रन बनाए।

जसपुर की ओर से प्रतीक तिर्की और देवांश गोयल ने चार चार विकेट प्राप्त किए। इसके बाद जशपुर में 68 रनों के लक्ष्य के पीछा करते हुए 20.2 ओवर में मात्र 26 रन बनाकर आउट हो गए। और किसी भी बल्लेबाज ने दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। नारायणपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए चिराग़ कुमार नाग ने शानदार 6 विकेट प्राप्त किए और यश कश्यप ने 3 विकेट प्राप्त किए।

और नारायणपुर ने 41 रनों से जीत दर्ज किए। मैच के निर्णायक महेश वर्मा और रिषभ सोनी थे आब्जर्वर राजेश शुक्ला और स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे। रघुराज सिंह स्टेडियम में अगला मैच बिलासपुर ब्लू बनाम जशपुर के मध्य मैच खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आज दिनांक 27 अक्टूबर से अंडर 14 प्लेट ग्रुप वन डे इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



रोमांचक प्रदर्शन से जीता मैच



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।




30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे



अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है। शनाया को लगता है कि ये सभी लोग उनसे कुछ छिपा रहे हैं. फिर उन्हें मालूम पड़ता है कि टेरेसा स्कूल में एक सीक्रेट कॉम्पिटीशन हो रहा है। इस मुकाबले में जीतने के लिए स्टूडेंट हर हद पार करते दिखाई दे रहे हैं. तभी पता चलता है कि इस मुकाबले के इतिहास में जब-जब कोई हादसा हुआ है, उसे छिपा दिया गया है। शनाया कहती हैं, ये लोग जिस हद तक जा सकते हैं, मेरी जिद उससे भी आगे है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है। जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है।

न्यायालय नायब तहसीलदार गनियारी
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र.क्र./अ-6-अ/25-26
ग्राम गनियारी प.ह.नं. 50

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता गनियारी प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. गनियारी सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि नितेश कुमार सिंह पिता श्यामबहादुर निवासी तेंदुडीपा देवारपारा तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा ग्राम गनियारी प.ह.नं. 50 रा.नि. मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 7/2 में से रकबा 0.0139 हे. को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर काश्त काबिज करते आ रहे है किन्तु वर्तमान अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज नही है जिसे अभिलेख सुधार हेत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 06/11/2026 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 22/10/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
गनियारी

न्यायालय तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)
फर्द बंटवारा प्रकाशन
रा.प्र.क्रं.
ग्राम मंगला

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक..... पक्षकार रामदुलार सूर्यवंशी पिता स्व. महेत्तर ग्राम मंगला तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में नीचे दिये गये/संलग्न अनुसार फर्द बंटवारा सूची प्राप्त हुआ है। जिस पर सुनवाई दिनांक 29/10/26 नियत है। इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा/उजर हो वह सुनवाई दिनांक को अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति उजर मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 26/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

प्ररूप-(तीन)
शपथपत्र का प्ररूप
(50 रू.का नॉन-ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर)

मैं रानी बाई प्रजापति (पुराना नाम), जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी सोनूराम प्रजापति निवासी बरतोरी एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँ।

1. मैं ग्राम एवं पोस्ट बरतोरी तह. बिल्हा, जिला-बिलासपुर की स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम रानी बाई प्रजापति है और मैं अपना नाम बदलकर जानकी बाई प्रजापति (नया नाम) जानकी बाई प्रजापति करवाना चाहता/चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/रही हूँ। तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

मनोज कुमार तिवारी
सेन्ट्रल नोटरी
बिल्हा, बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना
भारतीय भगीदारी अधिनियम 1932 की धारा 72 के अधिन सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की हमारी फर्म मे. माताश्री बिल्डकॉन, पंजीयन क्रमांक 222201924382 दिनांक 26.06.2019 द्वारा पंजीकृत फर्म है। जिसमें श्री अनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री श्याम लाल अग्रवाल, श्री मनीष बगड़िया पिता श्री पूरन चंद अग्रवाल, श्री राजेश पटेल पिता श्री हरिलाल पटेल, श्री रघु दीपक साहू पिता श्री सुखदेव प्रसाद साहू, श्री करन जाजोदिया पिता श्री मनोज कुमार जाजोदिया, श्री सौरभ अग्रवाल पिता श्री बालमुकुंद जाजोदिया, एवं श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल पति स्व. श्री श्याम लाल अग्रवाल भागीदार थे। दिनांक 27.11.2024 से श्री राजेश पटेल पिता श्री हरिलाल पटेल, श्री रघु दीपक साहू पिता श्री सुखदेव प्रसाद साहू, श्री करन जाजोदिया पिता श्री मनोज कुमार जाजोदिया, श्री सौरभ अग्रवाल पिता श्री बालमुकुंद जाजोदिया एवं श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल पति स्व. श्री श्याम लाल अग्रवाल फर्म से रिटायर हो गए है एवं उक्त दिनांक से श्रीमती सोनिया बगड़िया पति श्री राघव बगड़िया एवं श्रीमती अल्का बगड़िया पति श्री सुदीप बगड़िया को फर्म में नए भागीदार के रूप में सम्मिलित किया गया है।

तदनुसार सुचना जाने

भवदीय
मे. माताश्री बिल्डकॉन
श्री मनीष बगड़िया (भागीदार)
बिलासपुर (छ.ग)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जुही सिंह पति ब्रजराज सिंह सोलंकी निवासी पंडरिया रोड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली छ0ग0 की हूं जो कि मेरे द्वारा विक्रेता खीर प्रसाद चंद्रा पिता सेतराम चंद्रा निवासी मदनपुर तहसील व जिला मुंगेली से पंजीकृत बैनामा दिनांक 07.03.2024 के माध्यम से खसरा नं. 551/141 रकबा 0.011 हे/116.17 वर्गमीटर भूमि जो मौजा मुंगेली में स्थित है को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को विक्रेता खरी सिंह ने पंजीकृत बैनामा से पूर्व में विक्रेता शुभ रियल्टी भागीदार आकाश गोविंदानी के ओर से मुख्तयार खास विक्की ईदनामी के जरिए दिनांक 28.06.2013 को क्रय किया था। उक्त मूल बैनामा को खीर प्रसाद चंद्रा द्वारा मुझे प्रदान किया गया था जो पंजीकृत बैनामा कहीं गुम हो गया है जो काफी प्रयास के बाद भी नही मिल रहा है। उक्त दोनो पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.06.2013 गुम हो गया है यदि उक्त बैनामा किसी व्यक्ति को प्राप्त होता है और उक्त दोनो बैनामो का बिना मेरी जानकारी के गलत तरीके से उपयोग कर उक्त बैनामो आधार पर किसी वित्तीय संस्थान, बैंक या किसी भी कार्यालय में कोई रहन गहन, ऋण या अन्य वित्तीय संव्यवहार किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैधानिक होगा। जिसकी सूचना सर्वसाधारण को दी जाती है। किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मुझसे आकर संपर्क करे। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

दिनांक –

भवदीय
जुही सिंह

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
-: विवाह सूचना का प्रकाशन:-
क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले./2026
बिलासपुर, दिनांक 21.09.2026

आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार आत्मज श्री धमेन्द्र कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी तारबाहर, थाना तारबाहर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी निकिता भारद्वाज आत्मजा श्री डेरहाराम भारद्वाज उम्र 22 वर्ष निवासी हिरमी बलौदा बाजार, थाना हिरमी बलौदा बाजार (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 12.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


देवेन्द्र कुमार


निकिता भारद्वाज

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

खबर संक्षेप

आत्मानंद स्कूल में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन 2 को



मुंगेली। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित बीआरसाव पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी माध्यम विद्यालय के वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में 2 नवम्बर को गरिमामय वातावरण में एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले रहेंगे। इस दौरान सशक्त नारी, युवा उड़ान की थीम पर विभिन्न विकास विभागों द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभागीय उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अधिकारियों को समय पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यक्रम सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मंच, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, साफ–सफाई एवं स्वच्छता, यातायात, कानून व्यवस्था, वाहन पार्किंग, साउण्ड सिस्टम, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड, फायर ब्रिगेड सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ राज्योत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न कराने कहा है।

पल्लवी का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन



बिल्हा। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पल्लवी माणिकपुरी का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता दिनांक 28 एवं 29 अक्टूबर 2026 को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, बलौदाबाजार में आयोजित की जाएगी। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में अंजना को प्रथम स्थान



बिल्हा। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा की छात्रा कु अंजना महरा ने सीएसआर महाविद्यालय, पिपरतराई में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

साइबर ठगी से बचने 60 महिलाओं को किया गया जागरूक



लोरमी। खुड़िया क्षेत्र के वनांचल ग्राम मौहामाचा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 60 ग्रामीण महिलाओं को साइबर अपराधों एवं बैंक खातों से होने वाली धोखाधड़ी के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि साइबर ठग विभिन्न तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाकर आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। इससे बचने के लिए अपने बैंक खाते से संबंधित गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखना आवश्यक है, महिलाओं को किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंकिंग विवरण एवं अन्य संवेदनशील जानकारी साझा नहीं करने तथा अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी गई। साथ ही, साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने एवं आपातकालीन स्थिति में डायल 112 की सहायता लेने की जानकारी दी गई।

अग्रवाल ने संभाला चकरभाठा थाना प्रभारी का पदभार



चकरभाठा। चकरभाठा थाना के नए प्रभारी निरीक्षक अनिल अग्रवाल ने 24 अक्टूबर को पदभार ग्रहण कर लिया। वहीं, पूर्व थाना प्रभारी निरीक्षक भावेश शेंडे को समंस/वारंट शाखा, कार्यालय बिलासपुर एवं नारकोटिक्स टास्क फोर्स में जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों पर नियंत्रण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नशीली गोलियां बेचने, जुआ खिलाने और गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराधियों को पकड़कर उनका जुलूस निकाला जाएगा तथा उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। नए थाना प्रभारी के सख्त रुख के बीच अब क्षेत्रवासियों को अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई और बेहतर कानून-व्यवस्था की उम्मीद है।

"सत्यनिष्ठा से समृद्धि" थीम पर हो रहा आयोजन

एनटीपीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



एनटीपीसी सीपत में मंगलवार 27 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड गुरदीप सिंह का सतर्कता संदेश परियोजना प्रमुख विजय शंकर दुबे ने पढ़कर सुनाया।

अपने संदेश में गुरदीप सिंह ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को संगठन की प्रगति एवं राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए सभी कर्मचारियों से नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। वहीं, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण सुरोजीत सिन्हा ने मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा का संदेश पढ़ा, जिसमें निवारक सतर्कता को कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई तथा विजिलेंस क्विज का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि यह सप्ताह "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" थीम पर 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

इस दौरान महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) विकास खरे, मानव संसाधन प्रमुख भक्त वत्सल पात्रा, विजिलेंस विभागाध्यक्ष कुंदन राठौड़ सहित सीआईएसएफ के अधिकारी, जवान और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने भ्रष्टाचार के उन्मूलन और पारदर्शी कार्य संस्कृति का संकल्प लिया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न



बिलासपुर-अमरकंटक। अनूपपुर जिले के अमरकंटक स्थित श्री यंत्र महामेरु शक्ति पीठ (सोनमुड़ा रोड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि के साथ हुई।

आयोजक श्री यंत्र महामेरु शक्ति पीठ के संस्थापक एवं अध्यक्ष स्वामी शरदपुरी महाराज के सानिध्य में सेनानी परिवारों के उत्तराधिकारियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेयी ने सम्मेलन की रूपरेखा रखते हुए देश भक्ति गीत से सभी का दिल जीता। राष्ट्रीय महामंत्री जितेन्द्र रघुवंशी ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए नई पीढ़ी तक स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास व बलिदान की भावना को पहुंचाने पर जोर दिया। सम्मेलन में दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से सेनानी परिवार के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश अध्यक्ष आलोक चंद्रसोरिया, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आदित्य रघुवंशी, महिला अध्यक्ष डॉ उषा किरण बाजपेयी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, डॉ नरेश तिवारी, डॉ शकुंतला जितपुरे, ई रमेंद्रराव, इंदर टहलियानी सहित बिलासपुर से बड़ी संख्या में सेनानी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

यह सम्मेलन 23 अक्टूबर से चल रहे श्री यंत्र महामेरु शक्ति पीठ के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित किया गया।

धरमलाल ने ली चार मंडलों की बैठक, कांग्रेस पर साधा निशाना

31 को एसआईआर से जुड़े भ्रम के खिलाफ पदयात्रा और बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



विधायक धरमलाल कौशिक ने मंगलवार को बिल्हा विधानसभा अंतर्गत चकरभाठा बोदरी स्थित उत्तम इन में बिल्हा विधानसभा के चारों मंडलों-तिफरा-सिरगिट्टी, बोदरी, बिल्हा एवं बरतोरी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, सेवा संकल्प अभियान और कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर लगभग 250 भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज अराजकता की राजनीति कर रही है। कांग्रेस द्वारा एसआईआर को लेकर लगातार झूठ और भ्रम फैलाया जा रहा है। इसी के विरोध में और लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ के संकल्प के साथ 31 अक्टूबर को बिलासपुर में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा एवं मोटर साइकिल रैली स्वामी आत्मानंद स्कूल, दयालबंद, गांधी चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक तक जाएगी। श्री कौशिक ने कहा कि देश में विदेशी फंडिंग के माध्यम से तख्ता पलट करने की साजिश रची जा रही है। बांग्लादेश और नेपाल का उदाहरण हमारे सामने है, जहाँ लोकतंत्र को अस्थिर किया गया। कांग्रेस उसी मॉडल को भारत में लागू करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पटना में की गई मोदी का बाप भी जाएगा जैसी अमर्यादित टिप्पणी पर पलटवार करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता स्वयं बोल रहे हैं कि मोदी कहीं नहीं जाएगा। इससे कांग्रेस की हताशा स्पष्ट दिखती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को ध्वस्त करने का काम हमेशा कांग्रेस ने किया है। देश में अब तक 100 से ज्यादा बार राष्ट्रपति शासन कांग्रेस ने ही लगवाया है।

रायबरेली में चुनाव हारने के बाद इंदिरा गांधी जी ने पूरे देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। 1984 में इंदिरा जी की हत्या के बाद राजीव गांधी के शासन में हजारों सिखों को मरवाया गया। आज जो पार्टी लोकतंत्र बचाने की बात कर रही है, उसी ने लोकतंत्र का सबसे ज्यादा गला घोंटा है। अंत में श्री कौशिक ने सभी कार्यकर्ताओं से 31 अक्टूबर की रैली को ऐतिहासिक बनाने और बूथ स्तर तक कांग्रेस के झूठ को उजागर करने का आह्वान किया।

तालाब के कायाकल्प को मंजूरी, 3 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित नवापारा तालाब के रिवाइटलाइजेशन कायाकल्प एवं पुनर्जीवन कार्य के लिए 3 करोड़ 1 लाख 7 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कराई है।

इस स्वीकृति से नगर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही तालाब के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और बेहतर उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रलय की ओर से संचालित अमृत मिशन 2.0 अटल शहरी नवीकरण एवं परिवर्तन मिशन के अंतर्गत वाटर बॉडी रिवाइटलाइजेशन घटक में इस परियोजना को स्वीकृति दी गई है। राज्य स्तरीय हाई पावर स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णयों तथा राज्य शासन के संबंधित आदेशों के परिप्रेक्ष्य में यह प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। परियोजना की स्वीकृत लागत में पांच वर्षों का संचालन एवं संधारण भी शामिल है। नवापारा तालाब के कायाकल्प की इस परियोजना से तालाब के संरक्षण एवं विकास को गति मिलने की उम्मीद है। जल निकायों का पुनर्जीवन शहरी क्षेत्रें में पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की पुष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। परियोजना का क्रियान्वयन नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा किया जाएगा। इसके लिए शासन ने निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुरूप कार्य करने, स्वीकृत डिजाइन के अनुसार निर्माण कराने तथा निर्धारित समय–सीमा में परियोजना पूर्ण करने की शर्तें रखी हैं।

उषा देवी कॉलेज में सतर्कता जागरूकता शपथ

सकरी। उषा देवी मेमोरियल कॉलेज, सकरी की राष्ट्रीय सेवा योजना रासेयो इकाई द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शपथ वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं सदस्यों ने सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सतर्कता केवल भ्रष्टाचार रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति के आचरण में कर्तव्यनिष्ठा का भाव जगाने का माध्यम है। युवाओं को दैनिक जीवन में सत्यनिष्ठा का पालन करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन समिति के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा और कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापक शिखा मिश्रा, अंशु गुप्ता, प्रियंका विश्वकर्मा व शपारुल काले सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



छात्र संगठन का विस्तार, नागेश बने जिलाध्यक्ष



मुंगेली। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छत्तीसगढ़ ने संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में नागेश गुप्ता को जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया। इस नियुक्ति के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर नागेश गुप्ता ने एनएसयूआई के शीर्ष नेतृत्व एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, एआईसीसी सचिव एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर और मुंगेली युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया का विशेष रूप से आभार जताया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नागेश गुप्ता ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। छात्र–छात्राओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

सकरी में पूर्ण अनुभाग कार्यालय खोलने अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन



सकरी। अधिवक्ता संघ ने सकरी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम का पूर्ण कार्यालय खोलने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा और इसे अनुभाग बनाने की मांग की।

सकरी तहसील अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं संसदयों ने कहा कि सकरी तहसील अंतर्गत 2 उप तहसील कार्यालय गनियारी एवं सकर्रा संचालित हो रहे है जिनके अंतर्गत सकरी में 4 राजस्व निरीक्षक एवं 74 हल्का पटवारी आते है ऐसे में ऐसे राजस्व कार्य जो एसडीएम के अधिकार क्षेत्र में आते है उनके लिए पक्षकारों, किसानों और अधिवक्ताओं को एसडीएम कार्यालय तखतपुर जाना पड़ता है, इससे आर्थिक बोझ भी बढ़ता है साथ ही आने जाने में समय भी लगता है और उनका कार्य प्रभावित होता है। सकरी में पूर्णकालिक अनुभाग खुल जाने से उनको कार्य में सुगमता के साथ ही समय की बचत भी होगी। ज्ञापन सौंपने वालो में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हरीश तिवारी, उपाध्यक्ष शिवकुमार वस्त्रकार, मनहरण लाल श्रीवास, मनबोध कौशिक, जे आर निर्मलकर, अनामिका दुबे, राममरोस टोडे सहित अधिवक्तागण उपस्थित थे। अब एक की जगह दो दिन लगेगा सकरी में लिंक कोर्ट :- विगत 2 माह से शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय का लिंक कोर्ट सकरी में लग रहा था जहां सकरी परिक्षेत्र के पक्षकारों के कुछ मामलों की सुनवाई सकरी में ही शुरू हो गई अब अधिवक्ता संघ द्वारा पूर्णकालिक अनुभाग की मांग से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार एवं शुक्रवार सप्ताह में दो दिन यहां एसडीएम मामले की सुनवाई करेंगे।

अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के समक्ष जिले के विभिन्न ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। इस दौरान आधार कार्ड निर्माण, अवैध शराब की बिक्री पर रोक, कृषि भूमि का मुआवजा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, सड़क एवं नाली निर्माण, शिक्षकों की नियुक्ति, शौचालय निर्माण, जमीन के अभिलेखों में सुधार, आवासीय पट्टा, ट्रांसफार्मर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराने सहित विभिन्न विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किए गए।

कलेक्टर श्री तोपनो ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन का उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करना तथा उनकी मांगों और शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। जनदर्शन में ग्राम सोनपुरी के गौतर निषाद ने अपने परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड बनवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम बंधवा की प्रियंका भास्कर ने आधार कार्ड बनवाने तथा ग्राम जमहा की पूर्वा सोनवानी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने की मांग रखी। ग्राम नत्थीला के जैतराम ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने और ग्राम चिल्फी के धन लाल भास्कर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार, नगर पालिका मुंगेली के तीरथाराम साहू ने श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंड़ियाइन के लालाराम गोंड़ ने बैटरी चलित ट्राईसाइकिल दिलाने की मांग रखी। ग्राम कंसारी के राम विहार गंधर्व ने आवासीय पट्टा प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम पुटूपरा, लोरमी के अंजोरी लाल साहू ने पुल निर्माण से प्रभावित कृषि भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्राम मोहभट्ठा के तीर्थ राम साहू ने अपनी जमीन का नकल उपलब्ध कराने तथा ग्राम चरनीटोला की जेठिया बाई ने भूमि के ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार कराने के लिए आवेदन दिया। ग्राम धोंधापारा के ग्रामीणों ने नवनिर्मित सड़क के किनारे नाली निर्माण कराने की मांग रखी।

वीडियो बनाने की बात पर मारपीट, क्रास केस दर्ज

तखतपुर। वीडियो बनाने और शिकायत करने की बात को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज और मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक दूसरे के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार पेण्ड्री निवासी मुकेश कौशिक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम पंचायत का पंच है। 27 अक्टूबर को सुबह 8 बजे वह काम का वीडियो बना रहा था तभी आरोपी दशरथ यादव आया और तुम शिकायत किए हो कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। वहीं दशरथ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मुकेश यादव ने उसे काम जल्दी खतम किए बिना कहां जा रहे हो कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने एक दूसरे के खिलाफ धारा 115,2 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

निधन

पुष्पा शुक्ला



जांजगीर। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवा निवृत बैंक अधिकारी स्व राजेंद्र शुक्ल (केरा वाले) की पत्नी पुष्पा शुक्ला (बनरहीन गौटीन) का मंगलवार 27 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 28 अक्टूबर को जांजगीर स्थित मुक्तिधाम में होगा।

आनंद देशर



बिलासपुर। देवरीखुर्द मेन रोड, राजा डेयरी वाली गली निवासी आनंद देशर का निधन हो गया। अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. रमेश कुमार देशर के सुपुत्र थे।

मो. इदरीश खान



बिलासपुर। भारतीय नगर निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त एसडीओ मो. इद्दरीश खान का 27 अक्टूबर को निधन हो गया। उन्हें 28 अक्टूबर को सुबह 11 मरीमाई कब्रिस्थान में सुपुर्देखाक किया जाएगा। वे स्व. आफताब खान एवं मो. आसिफ खान के पिता थे।

प्यारी बाई कोरी



बिलासपुर। गनियारी निवासी प्यारी बाई कोरी का 27 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गनियारी मुक्तिधाम में किया गया। वे बाला राम कोरी की पत्नी व डॉ.रमाकांत, डॉ.शिवकांत, संतोषी, शिमला कोरी की माता थीं।

प्रकाश चंद वाधवानी



बिलासपुर। जगमल चौक तोरवा निवासी प्रकाश चंद वाधवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर मंगलवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हुन्दराजमल वाधवानी के सुपुत्र, नरेश और मनीष वाधवानी के पिता थे।

शशि सिंह पवार



बिलासपुर। गोंड़पारा निवासी शशि सिंह पवार का 27 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गुलाब सिंह पवार की पत्नी, देव प्रताप सिंह पवार, निरंजन प्रताप सिंह पवार व राघवेन्द्र प्रताप सिंह की माता थीं।

गायत्री धर



बिलासपुर। नेहरू नगर गणेश चौक निवासी गायत्री धर का निधन हो गया। वे 84 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. आरएन धर की पत्नी एवं विजय कृष्ण धर और संजय धर की माता थीं।

विनोद देवांगन



मुंगेली। मो बशीर खां वार्ड खरीपारा निवासी शिक्षक विनोद देवांगन का 53 वर्ष की आयु में 27 अक्टूबर को निधन हो गया। वे पिछले 1 माह से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार रावणभाठा स्थित देवांगन समाज मुक्तिधाम में किया गया।

भोला देवांगन



मुंगेली। पुराना बस स्टैंड के पास चाय व्यवसायी सोनकर सिटी निवासी भोला देवांगन का 55 वर्ष की उम्र में 26 अक्टूबर की रात्रि में निधन हो गया। वे तीरथ देवांगन के पिता थे। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं तीन पुत्रियां सहित भरा–पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार आज 27 अक्टूबर को रावणभाठा स्थित देवांगन समाज मुक्तिधाम में किया गया।

सतीश ठाकुर



तखतपुर। नगर के वार्ड 3 टिकरीपारा निवासी सतीश ठाकुर का 28 वर्ष की आयु में 26 अक्टूबर को निधन हो गया। वे मनीष ठाकुर के छोटे भाई थे। इनका अंतिम संस्कार काशी विश्वनाथ में किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

जुर्म दर्ज कराने बनाया दबाव, आरक्षक लाइन अटैच

बिलासपुर। एक मामले में एफआईआर लिखने के लिए दबाव बनाने पर आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है। पिछले दिनों सकरी थाने में पदस्थ आरक्षक विनोद शास्त्री ने सिरगिट्टी थाने में एक मामले में एफआईआर लिखने के लिए दबाव बनाया गया था। मामला सोशल मीडिया में जोरों वायरल हो रहा था। मंगलवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक विनोद शास्त्री को लाइन अटैच कर दिया है। बहरहाल लाइन अटैच करने के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। सकरी थाने से आरक्षक को पुलिस लाइन के लिए रवानगी दे दिया गया है।

युवक से नकद लूटने वाला युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। युवक से मारपीट कर नकद रकम लूटने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई कपिल चंद्रा ने बताया, वैभव सिंह 12 सितंबर को शाम 5.45 बजे दर्रीघाट भारतमाला रोउ में दो अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक रोककर हाथ मुक्का से मारपीट कर पर्स से 4500 रुपए लूट लिया था। पुलिस ने अपराध कायम कर लुटेरों के पतासाजी में जुट गई थी। 27 अक्टूबर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना दोमुहानी आवासपारा निवास लोकेश मोहले पिता सुभाष मोहले 22 साल को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त कर लिया है। उसका एक साथी दर्रीघाट निवासी आदर्श कुर्रे पुलिस पकड़ से बाहर है।

पेट्रोल पंप के पीछे जुआ खेलते 4 जुआरी पकड़े गए

बिलासपुर। पुलिस ने पेट्रोल पंप के पीछे जुआ खेलते 4 लोगों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सरकण्डा पुलिस ने सूचना पर डबरीपार पेट्रोलपंप के पीछे दबिश देकर जुआ खेलते शुभांसु रजक, राकेश निषाद, गिरिश तिवारी, मोनू थवाईत को पकड़ लिया। उनके पास से 3100 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

बिलासपुर। कार चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार शिक्षिका को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका घायल हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, कश्यप कालोनी आरके बूट हाउस गली केशरवानी हास्टल में रहने वाली सोनम पटेल पिता अशोक कुमार पटेल प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका हैं और ट्यूशन पढ़ाती हैं। 26 अक्टूबर की शाम वे अपनी स्कूटी से ट्यूशन पढाने कंस्ट्रक्शन कालोनी जा रही थीं। कंस्ट्रक्शन कालोनी डूपर ग्राउंड के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 8299 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में सोनम पटेल घायल हो गई हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

घायल मजूदर की इलाज के दौरान मौत



बिलासपुर। काम करने के दौरान छज्जा सहित गिरकर घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। सिम्स चौकी से मिली जानकारी अशोकनगर निवासी नरेन्द्र साहू पिता नरेश साहू 38 साल एक अन्य मजदूर के साथ कपिलनगर के एक पुराने मकान को तोड़ने का काम कर रहे थे। दूसरी मंजिल का छज्जा तोड़ते समय भरभराकर छज्जा सहित दोनों मजदूर नीचे गिर गए। हादसे में दोनों मजदूर घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। देर शाम इलाज के दौरान नरेन्द्र साहू की मौत हो गई है। सूचना पुलिस मर्ग कायम कर लिया है।

यातायात प्रभावित...





त्यौहारी सीजन में ट्रैफिक का दबाव : गोलबाजार में बेतरतीबी से खड़े वाहनों के चलते ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है। यहां खड़े वाहनों की वजह से यहां लोगों का आना-जाना दूभर हो गया है। शाम के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है।

रिवर व्यू में लगेगा पटाखा बाजार 136 दुकानों के लिए जगह तय

10 बाई 10 की दुकान व 10 बाई 8 फीट का फ्रंट कारिडोर रहेगा

निगम देगा जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीपावली त्यौहार के अवसर पर अस्थाई पटाखा बाजार के लिए अरपा नदी के किनारे रिवर-व्यू को फाइनल कर लिया गया है, मंगलवार को नापजोख कर दुकानों के लिए जगह तय कर दी गई। रिवर व्यू में कुल 136 पटाखा दुकानें लगेगी, जगह नगर निगम उपलब्ध कराएगा और टेंट से दुकानें व्यापारियों द्वारा बनवाई जाएंगी।

नगर निगम की टीम द्वारा रिवर व्यू पर अस्थाई पटाखा बाजार के लिए जगह फाइनल होने के बाद आज दुकानों का ले-आउट भी कर दिया गया है। रिवर व्यू पर 136 पटाखा दुकानें लगेंगी, इसलिए 10 बाई 10 फीट साइज की दुकानों के लिए ले-आउट किया गया है। इसके अलावा दुकान के सामने 10 बाई 8 फीट का फ्रंट कारिडोर होगा, जिसमें व्यापारी अपना काउंटर लगाकर पटाखा बेचेंगे। इसके अलावा 6 फीट की रोड होगी, जिसमें पटाखा खरीदने वाले लोग आवागमन कर सकेंगे। इस तरह से आज रिवर व्यू पर अस्थाई पटाखा बाजार में 136 दुकानों के लिए जगह निर्धारित कर दी गई है और निर्धारित ले-आउट के अनुसार ही पटाखा की दुकानें लगाई जाएगी। ले-आउट इस तरह से किया गया है कि दुकानों में पर्याप्त जगह रहे और आवाजाही में भी लोगों को परेशानी न हो। वहीं टेंट लगाकर दुकान बनवाने और दुकानों तक बिजली पहुंचाने की व्यवस्था पटाखा व्यापारियों को स्वयं करनी होगी।



ग्रीन गार्डन मैदान मुंगेलीनाका में नहीं लगेंगी दुकानें

पिछले वर्ष रिवर-व्यू और मुंगेलीनाका स्थित ग्रीन गार्डन मैदान दोनों जगह पर अस्थाई पटाखा दुकान की अनुमति प्रशासन द्वारा दी गई थी। नगर निगम ने दोनों जगह पर दुकानों का ले-आउट कर अस्थाई पटाखा बाजार के लिए अनुमति दी गई थी। चूंकि मुंगेलीनाका मार्ग काफी व्यस्त रहता है, यहां ट्रैफिक का दबाव तो रहता ही है, साथ ही पार्किंग की समस्या है और मैदान के सामने निगम का पेट्रोल पंप व सर्किट हाउस भी है, जहां वीआईपी का आना-जाना लगा रहता है। इसलिए सुरक्षा के दृष्टि से प्रशासन ने मुंगेली नाका ग्रीन गार्डन मैदान में पटाखा बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी गई है।



सुरक्षा व्यवस्था पर भी दिया जा रहा ध्यान

इस जगह की साफ-सफाई एवं समतलीकरण नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। पटाखा बाजार में मूलभूत सुविधाओं के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाएगा। नगर निगम की ओर से बाजार स्थल पर पानी, बिजली की व्यवस्था की जाएगी। इस जगह पर टैंकर के जरिए पानी का छिड़काव किया जाएगा। आग से सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी फायर ब्रिगेड को दी गई है।

निर्धारित की गई है जगह

अस्थाई पटाखा बाजार के लिए रिवर-व्यू में अनुमति मिली है और वहां पर पटाखा दुकानों के लिए ले-आउट कर दुकान के लिए जगह निर्धारित कर दी गई है। नगर निगम की ओर से पटाखा दुकान के लिए जगह उपलब्ध कराई जा रही है ।

-जुगलकिशोर सिंह, उप अभियंता, नगर निगम

भांजे सहित 3 चोर व 3 खरीददार गिरफ्तार

बिलासपुर। मामा के सूने मकान में चोरी करने वाले भांजे सहित 3 युवक व 3 खरीददारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी के 2 लाख के जेवर व अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

- **आरोपी ने मामा के सूने मकान से की थी चोरी**

मो प का पुलिस सहायता केंद्र के अंतर्गत ग्राम बिजौर निवासी नीरज सूर्या पिता प्रमोद सूर्या 21 अक्टूबर को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित नगरौड़ी चले गए थे। 25 अक्टूबर को लौटे तो घर के अंदर सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी से सोने चांदी के जेवर बर्तन व अन्य सामान चोरी हो गई थी। श्री सूर्या ने चोरी की रिपोर्ट लिखाई और अपने भांजे पर चोरी करने का संदेह जाहिर किया। पूर्व में भी उनके भांजे ने उनके घर में चोरी की थी। चौकी प्रभारी ओपी कुर्रे, हेमंत पाटले, मूरली भार्गव, इमरान खान, दीपक खाण्डेकर, अली खान ने भांजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने अपने अन्य दो साथियों के साथ मामा के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके अन्य दोनों साथियों को पकड़ लिया। तीनों ने बताया, चोरी के जेवर दो लोगों व बर्तन को कबाड़ी के पास बेचना बताया। पुलिस ने तीनों खरीददारों को पकड़कर चोरी के जेवर, बर्तन, हाथ घड़ी व अन्य सामान सहित 2 लाख का सामान जब्त कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपी

- अयान खान पिता नजीर खान 21 साल बिजौर
- दिव्यांश लश्कर पिता शुरू क्लासकर 19 साल बिजौर
- एक नाबालिग खरीददार
- नेतराम साहू पिता पुनीत साहू 24 साल बहतराई अटल आवास कबाड़ी
- राजा सोनी पिता मूलचंद सोनी 30 साल शांतिनगर तिफरा
- समीर बघेल पिता पारस बघेल 27 साल बिजौर

रेंजर से प्रमोट होकर एसडीओ बनने वाले अफसरों की सूची जारी

बिलासपुर। वन विभाग की ओर से थोक में एसडीओ के ट्रांसफर के साथ रेंजर से प्रमोट होकर एसडीओ बनने वाले अधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। इसमें बिलासपुर वन वृत्त और अचानकमार टाइगर रिजर्व के साथ कानन पेण्डारी जू के भी एसडीओ बदले गए हैं, जिसमें रतनपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर से प्रमोशन होने के बाद देवसिंह ठाकुर को कोटा परियोजना वन विकास निगम का उप वन मंडलाधिकारी बनाया गया है।

मंगलवार की शाम वन विभाग के उप वनमंडलाधिकारी, अधीक्षक के अलावा रेंजर से प्रमोट हुए उप वनमंडलाधिकारियों की नई पोस्टिंग के साथ तबादला सूची जारी की गई है। इसमें बिलासपुर वन वृत्त के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व और अचानकमार बायोस्फियर टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। इसके तहत कुछ दिन पूर्व कानन पेण्डारी मीडियम जू में आए अधीक्षक विकास चंद्राकर का ट्रांसफर सहायक वन संरक्षक कार्य आयोजन वन मंडल रायपुर में, लोरमी वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी दशहंस प्रकाश सूर्यवंशी का तबादला अचानकमार टाइगर रिजर्व कोटा बिलासपुर के बफर क्षेत्र में सहायक संचालक के पद पर, बिलासपुर वन वृत्त के जांजगीर चांपा वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी होरेशचंद्र शर्मा का स्थानांतरण जांजगीर चांपा वन मंडल में संलग्नाधिकारी के पद पर, मरवाही वन मंडल के संलग्नाधिकारी अविना एम्मानुएल का स्थानांतरण रायगढ़ वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी के पद पर, वन मंडल कोरबा नारंगी क्षेत्र की प्रभारी अधिकारी श्रीमती शिखा झा का ट्रांसफर बिलासपुर जिला यूनियन के उप प्रबंध संचालक के पद पर, गरियाबंद वन मंडल के संलग्नाधिकारी सूर्यकांत सोनी को लोरमी वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी के पद पर किया गया है। वहीं कानन पेण्डारी के अधीक्षक विकास चंद्राकर का रायपुर तबादला होने के बाद उनके स्थान पर राजनांदगांव वन मंडल के संलग्नाधिकारी अनिल साहू को अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर वन परिक्षेत्र सामान्य में परिक्षेत्र अधिकारी से प्रमोशन होकर उप वनमंडलाधिकारी बने देवसिंह ठाकुर का स्थानांतरण कोटा परियोजना मंडल के मंडल प्रबंधक के पद पर हुआ है। वहीं कटघोरा वन मंडल पसान सामान्य के परिक्षेत्र अधिकारी मनीष सिंह को कटघोरा वन मंडल का उप वनमंडलाधिकारी, कोरबा जिला यूनियन के उप प्रबंध संचालक आलोक जायसवाल को जशपुर वन मंडल के पत्थलगांव में उप वनमंडलाधिकारी के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

- **वन विभाग ने की तबादला सूची जारी**

रेल दुर्घटना में मृत महिला के परिजन को 2 लाख रुपए देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उपभोक्ता फोरम ने प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के तहत रेल दुर्घटना में मृत महिला के परिजन को 25 हजार रुपए जुर्माना सहित 2 लाख रुपए बीमा कंपनी को देने का आदेश दिया है।

कोटा खुरदुर निवासी नोहर वैष्णव की पत्नी सुनीता वैष्णव की पंजाब नेशनल बैंक कोटा में खाता था। उसके खाते से प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के तहत 27 मई 2024 से कटौती की गई थी। नोहर वैष्णव 11 अगस्त 2024 को अपनी पत्नी सुनीता एवं पुत्र के साथ कृषि कार्य से खेत गए थे। वहां से तीनों धान का थरहा खरीदने रेलवे लाइन पार कर दूसरे खेत गए थे। वापस लौटते समय कलमीटार करगीरोड के बीच सुनिता वैष्णव भुज सुपर फास्ट एक्सप्रेस की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद पति ने प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा राशि भुगतान के लिए आवेदन किया। आवेदन खारिज किए जाने पर पति नोहर ने जिला उपभोक्ता फोरम में आवेदन प्रस्तुत कर बीमा दावा राशि का जुर्माना सहित भुगतान कराने की मांग की। ओरिएंटल इंश्योरेंश बीमा कंपनी ने जवाब प्रस्तुत कर कहा कि मृतका की कृषि कार्य समय खेत में या किसी वाहन के चपेट में आने से मौत नहीं हुई है। रेलवे ट्रैक पार करना अपराध है। मृतका रेलवे के अधिकृत फाटक से लाइन पार नहीं कर रही थी। ट्रेन की आवाज दूर से आती है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति अपना बचाव करता है, सिर्फ आत्महत्या करने वाले नहीं हटते हैं। इस कारण से आवेदन अस्वीकार है। वहीं पीएनबी बैंक ने कहा कि बैंक योजना में सिर्फ राशि कटौती कर बीमा कंपनी को जमा करती है। इस कारण बैंक की इस भुगतान में कोई भूमिका नहीं होती है।



फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य आलोक कुमार पाण्डेय, पूर्णिमा सिंह ने बीमा कंपनी, बैंक एवं आवेदक के पक्ष को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि आवेदक की ओर से मर्ग सूचना पुलिस जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। इसमें कहीं भी मृतका के खुदकुशी किए जाने में कोई संदेह व्यक्ति नहीं किया गया है। मृतका की मौत एक दुर्घटना है, इसलिए बीमा कंपनी ने सेवा में कमी की है। फोरम ने बीमा कंपनी को आदेश प्राप्त होने के 45 दिवस के अंदर आवेदक को बीमा राशि 2 लाख रुपए अप्रैल 2026 से भुगतान तिथि तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने, 25 हजार रुपए मानसिक अभित्रास एवं 5 हजार रुपए वाद व्यय देने का आदेश दिया है।

रेलवे इंजीनियर के खिलाफ जुर्म दर्ज

बिलासपुर। रेल मंडल के कंस्ट्रक्शन विभाग की एक महिला कर्मचारी ने चीफ इंजीनियर पर यौन संबंध बनाने दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। पुलिस ने जांच के बाद अधिकारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

- **महिला कर्मचारी ने यौन संबंध बनाने का का लगाया आरोप**

तोरवा टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने आरोप लगाई विभाग के चीफ इलेक्ट्रिक इंजीनियर रूखमैया मीणा पद का दुरूपयोग कर उस पर अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है। विरोध करने पर नौकरी से हटाने की धमकी दी जा रही है। परेशान होने महिला ने रेल मंत्री, राज्य महिला आयोग, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की। जांच के बाद 27 अक्टूबर को पुलिस ने महिला कर्मचारी के शिकायत पर चीफ इलेक्ट्रिक इंजीनियर मीणा के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज कर लिया है।

शव वाहन के लिए भटकते रहे परिजन

बिलासपुर। ग्रामीण की मौत के बाद उसके परिजन शव वाहन के आने के इंतजार में घण्टों भटकते रहे। वाहन नहीं आने पर निजी वाहन से वे शव लेकर गए।

कोटा करगीरोड ग्राम मनपहरी निवासी प्रदीप कौशिक ने बताया, अत्यधिक तबियत खराब होने पर हीरालाल कौशिक पिता तिरिथ राम कौशिक 38 साल को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। 27 अक्टूबर की सुबह 11 बजे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन ने टोल फ्री नम्बर 1099 में फोन कर शव वाहन भेजने का निवेदन किया। शव वाहन के ड्राइवर ने उन्हें आने की बात कही। जिससे परिजन शव वार्ड से लेकर गेट नम्बर 3 में शव वाहन के आने का इंतजार करते खड़े रहे। लेट होने पर अलग अलग 4 मोबाइल नम्बर से फोन किया गया। ड्राइवर आने की बात कहता रहा और फिर फोन उठाना बंद कर दिया। जिससे परिजन ने निजी शव वाहन बुला लिया। इसी दौरान निशुल्क सेवा की शव वाहन पहुंच गया। कुछ देर बाद ड्राइवर शव वाहन लेकर चला गया। एक घण्टा भटकने के बाद परिजन निजी वाहन से शव लेकर गांव गए।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

सड़कों की बदलेगी सूरत, मरम्मत व नवीनीकरण कार्यों में आएगी तेजी

बिलासपुर। जिले में नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने और आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत, बीटी नवीनीकरण और नवीन सड़क निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है।

शहर के प्रमुख मार्गों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कई मार्गों पर मरम्मत कार्य जारी है, वहीं प्रमुख सड़कों पर बीटी नवीनीकरण कार्य शीघ्र शुरू किए जाएंगे।



ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए नवीन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्तमान में कुदुदंड-मंगला मार्ग, महामाया चौक से सेंदरी मार्ग, रमतला पहुंच मार्ग तथा नेहरू चौक से उसलापुर मार्ग पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इन मार्गों के क्षतिग्रस्त हिस्सों को दुरुस्त कर आवागमन को सुगम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे वाहन चालकों और आम नागरिकों को आवाजाही में राहत मिलेगी। इसी तरह शहर एवं आसपास के प्रमुख मार्गों पर बीटी नवीनीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इनमें राजेंद्र नगर चौक से तारबाहर चौक, देवकीनंदन चौक से महामाया चौक, संजय तरण पुष्कर से अग्रसेन चौक, सीपत से बलौदा मार्ग, पेंड्रीडीह से महामाया चौक तथा नेहरू चौक से दर्रीघाट मार्ग शामिल हैं। इन सड़कों के नवीनीकरण से सड़क की सतह बेहतर होगी और नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात की सुविधा मिलेगी।

